आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 02.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर राज्यों को परामर्श जारी कर सावधानी बरतने के निर्देश दिएं
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'एमएसएमई उद्यमों पर विशेष वेबिनार को संबोधित करेंगें
- प्रदेशभर में रंगों के पर्व होली के पारंपरिक उल्लास के बीच आज मध्य रात्रि होलिका दहन – कल और परसों धुलण्डी खेली जाएगीं
- राज्य के विभिन्न शहरों में दिन के तापमान में एक से साढ़े 7 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज

0000

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया के हालातों को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की हैं गृह मंत्रालय ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्यों को पत्र लिखकर सतर्क रहने और भड़काऊ भाषण देने वाले संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं मंत्रालय ने खुफिया जानकारी साझा करने और सुरक्षा निगरानी को और अधिक तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया हैं इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ को पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बताया हैं उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए देशों के बीच आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं

000

एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया के हालातों को देखते हुए नई ट्रैवल एडवाइजरी जारी की हैं इसके तहत संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इस्राएल और कतर जाने वाली सभी उड़ानें आज भी स्थगित रहेंगीं इसके साथ ही, दिल्ली और अमृतसर से यूरोप जाने वाली कुछ उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं एयरलाइन ने बताया है कि उत्तरी अमेरिका और यूरोप जाने वाली अन्य उड़ानें अब वैकल्पिक रास्तों से संचालित होंगी, जिससे यात्रा के समय में बढ़ोतरी हो सकती हैं एयर इंडिया सुरक्षा और हवाई क्षेत्र की उपलब्धता को देखते हुए स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे एक विशेष वेबिनार को संबोधित करेंगें इस वेबिनार का मुख्य विषय 'एमएसएमईः विकास के अगुआ' रखा गया हैं कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री बजट 2026 की प्रमुख घोषणाओं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को देश के विकास का इंजन बनाने के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा करेंगें इस संबोधन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण और विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से साझा करना हैं इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी के विभिन्न चैनलों के साथ–साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी किया जाएगां

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज दिल्ली में महिलाओं को समर्पित चार योजनाएँ शुरू कीं इनमें लखपति बिटिया योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड, मेरी पूंजी मेरा अधिकार और मुफ्त एल.पी.जी. सिलेंडर योजना शामिल हैं इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख कियां

.....................

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न स्तंभ हैं और उनका सम्मान और सशक्तिकरण एक सभ्य राष्ट्र की सच्ची पहचान हैं श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रही हैं

000

पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत प्रदेश के उन्नीस जिलों में संगठित अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की हैं अभियान के तहत एक हजार दो सौ छिहत्तर अपराधियों को चिन्हित कर दो सौ चौदह को गिरफ्तार किया गया हैं पकड़े गए अपराधियों में लॉरेंस और गोदारा जैसे प्रमुख गिरोहों के सदस्य भी शामिल हैं इस कार्यवाही के दौरान पुलिस ने सत्रह पिस्टल और भारी मात्रा

में कारतूस सहित मादक पदार्थ जब्त किए हैं हनुमानगढ़ में पंजाब के बंबीहा गिरोह से ग्यारह पिस्टल बरामद की गई हैं, वहीं झुंझुनू में अफीम के आठ हजार से अधिक पौधे जब्त किये गए हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं श्री शर्मा ने आज जयपुर के भांकरोटा में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के होली मिलन समारोह को संबोधित कियां मुख्यमंत्री ने आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशियां लाएगां समारोह में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया अजमेर दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए बड़ी सौगातें दी हैं मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बालिकाओं के लिए शुरू किए गए टीकाकरण अभियान का उल्लेख करते हुए इसे महिला स्वास्थ्य और सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम बतायां

000

प्रदेशभर में रंगों के पर्व होली के पारंपरिक उल्लास के बीच आज मध्य रात्रि होलिका दहन होगां इसके बाद विभिन्न अंचलों की अपनी मान्यताओं और स्थानीय परंपराओं के अनुसार कल और परसों धुलण्डी खेली जाएगीं त्यौहार को लेकर राज्य के बाजारों में जबरदस्त रौनक है और खरीदारी का दौर परवान पर हैं राजधानी जयपुर के आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में आज होलिका दहन से पूर्व ही फूलों और गुलाल की होली का विशेष आयोजन किया जा रहा हैं शेखावाटी अंचल में चंग और ढफ की थाप के साथ फाग गीतों की धूम मची हैं

ब्रज क्षेत्र के करौली, डीग और भरतपुर में भी होली के विशेष रंग देखने को मिल रहे हैं डीग में आस्था और लोक संस्कृति की प्रतीक प्रसिद्ध लठ्ठमार होली खेली जा रही हैं भरतपुर के खिरनी घाट स्थित भोलेश्वर मंदिर में बरसाना की तर्ज पर केसरिया लड्डूमार होली का आयोजन किया गयां करौली के मदन मोहन जी मन्दिर में भी वृन्दावन के रंग, भक्ति और संस्कृति का संगम देखने को मिल रहा हैं

.................

वहीं, पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक गेर नृत्य का आयोजन किया जा रहा हैं चूरू के रतनगढ़ में कलाकारों ने विभिन्न स्वांग रचकर होली की बनौरी निकालीं उधर बारां जिले के किशनगंज में आज प्रसिद्ध फूलडोल उत्सव का आगाज हुआं

000

कोटा के कैथून में कल से विभीषण मेला शुरू हो रहा हैं कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि जागरण से होगीं इसके बाद 4 मार्च को विभीषण धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली जाएगीं इस शोभायात्रा में घुड़सवार, बैंड और देवविमान शामिल रहेंगें उसी शाम साढ़े सात बजे 70 फुट ऊंचे हिरण्यकश्यप के पुतले का दहन किया जाएगां मेले के दौरान विभीषण के राज्याभिषेक के कार्यक्रम होंगें साथ ही 5 से 8 मार्च तक पशु मेला मैदान में रासलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगां

000

बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में सरस राजसखी मेला आयोजित किया जा रहा हैं इस मेले में जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं यहाँ स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित आंवला कैंडी, पापड़, जैविक खाद, साबुन और मसालों की बिक्री हो रही हैं राजसखी मेले की प्रभारी नुरुल्लाह दानिश ने बताया कि मेले की स्टॉल्स पर डिजिटल भुगतान की सुविधा दी गई हैं इससे खरीददारी आसान हो गई हैं

000

राज्य के विभिन्न शहरों में दिन के तापमान में एक से साढ़े 7 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में बाड़मेर में सबसे ज्यादा 36 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआं वहीं सीकर के फतेहपुर और जोधपुर में पारा 35 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड हुआ हैं इस बीच मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी इलाकों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिलेगा, जहाँ आगामी दो–तीन दिनों में पारा 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने के आसार हैं

000

देशभर में कल से जनऔषधि सप्ताह की शुरूआत स्वास्थ्य जांच शिविरों के साथ हुई सप्ताह के तहत लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरुक किया जाएगां रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान देशभर में ढाई सौ से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं इन शिविरों में मुफ्त स्वास्थ्य जांच और ब्लड प्रेशर और थायरॉइड के परीक्षण भी किये जा रहे हैं इन शिविरों में जनऔषधियों का भी वितरण किया जा रहा हैं प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत, देश भर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं सरकार ने अगले साल तक इस नेटवर्क को 25 हजार जनऔषधी केंद्रों तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा हैं

000